# <u>कार्यालय संयुक्त निदेशक,स्कूल शिक्षा ,भरतपुर संभाग भरतपुर</u>

## <u>कार्यालय आदेश</u>

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा वरिष्ठ अध्यापक माध्यमिक शिक्षा परीक्षा–2022 विषय गणित में चयनित एवं अभिस्तावित अभ्यर्थियों में से निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर के पत्रांकः–शिविरा/मा./नियुक्ति–3/12102(210)/सी.भ./आवंटन/व.अ.–गणित/2023 दिनांक 07.10.2023 एंव शिविरा–मा/संस्था/एफ–1/नियुक्ति प्रकोष्ट /विविध/2022 दिनांक 05–12–2023 द्वारा नियुक्ति प्रदान करने हेतु भरतपुर संभाग को आवंटित किये गए अभ्यर्थियों के पदस्थापन हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देश परिपत्र क्रमांक प.17(7) शिक्षा–2/2016 जयपुर दिनांक 02.07.2020 व निदेशक महोदय के दिशा निर्देश दिनांक 07.10.2023 तथा समय–समय पर जारी परिपत्रों/दिशा–निर्देशों के अनुसरण में दिनांक 09.10.2023 को आयोजित परामर्श कैम्प में उपस्थित होकर पदस्थापन हेतु विकल्प प्रस्तुत करने पर संलग्न सूची में अंकित आशार्थियों को वरिष्ठ अध्यापक (गणित विषय) के पद पर उनके नाम के सम्मुख अंकित विद्यालय में रिक्त पद पर राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतनमान) नियम–2017 के अनुसार लेवल–11 में प्रोबेशनर ट्रेनी (परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी) के रूप में दो वर्ष के प्रोबेशन पर नियमानुसार देय नियत मानदेय रुपये 26500/–प्रतिमाह (पूर्व से सेवारत होने की स्थिति में विद्यमान वेतन) पर निम्नानुसार नियुक्ति पर पदस्थापन किया जाता है।

1. परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण (प्रोबेशनर ट्रेनी) की अवधि में नियत मानदेय के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के भत्ते यथा महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता, शहरी क्षति पूर्ति भत्ता, महंगाई वेतन (डीपी), विशेष वेतन, बोनस आदि देय नहीं होंगे।
2. परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण (प्रोबेशनर ट्रेनी) की अवधि में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कटौतियां की जाएंगी।
3. परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण (प्रोबेशनर ट्रेनी) की अवधि को वार्षिक वेतन वृद्धि के लिए गणना योग्य नहीं माना जाएगा।
4. परिवीक्षाधीन प्रशिक्षण अवधि में इनको कलैण्डर वर्ष में केवल 15 दिन का आकस्मिक अवकाश देय होगा। (वित्त विभाग के आदेशक्रमांक एफ.12(9)एफ.डी.(रूल्स)2017 जयपुरदिनांक 30.10.2017)

<u>सम्बन्धित संस्था प्रधान इनको कार्यग्रहण करवाने से पूर्व निम्नांकित कार्यवाही आवश्यक रूप से सम्पादित करेंगे :–</u>

1. अनावश्यक लाभ रोकने के उद्देश्य से आवेदनपत्र एवं नियुक्ति पत्र पर अंकित फोटो से कार्यग्रहण करने वाले अभ्यर्थी का मिलान कर लें और यह सुनिश्चित कर लें कि जिस अभ्यर्थी ने आयोग की परीक्षा दी है, वही अभ्यर्थी नौकरी पर कार्यग्रहण करे।
2. नियुक्ति पर कार्यग्रहण करवाने से पूर्व नियमानुसार सम्बन्धित अभ्यर्थी का संबंधित पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रदत्त नवीनतम चरित्र सम्बन्धी सदाचरण रिपोर्ट एवं सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त नवीनतम स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा, इनके अभाव में किसी भी अभ्यर्थी को नियुक्ति पर कार्यग्रहण नहीं करवाया जाये। यदि किसी संस्था प्रधान द्वारा पुलिस सत्यापन रिपोर्ट सही नहीं पाये जाने/के बिना कार्यग्रहण करवाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जाएगी। पूर्व से राजकीय सेवा में सेवारत कार्मिकों हेतु यह आवश्यक नहीं होगा। जिन अभ्यर्थियों की पुलिस सत्यापन रिपोर्ट सही नहीं पायी जायेगी, उनके विरूद्ध कार्मिक विभाग के परिपत्र दिनांक 04–12–2019 एवं 26–10–2021 के अनुसार कार्यवाही अमल में लायी जावेगी ।
3. कार्यग्रहण कराने से पूर्व आवेदन पत्र के साथ संलग्न दस्तावेजों का मिलान मूल दस्तावेजों से कर सही पाये जाने पर ही कार्यग्रहण करावें। मिलान में यदि कोई भिन्नता पाई जावे तो कार्यग्रहण नहीं कराया जावे तथा उसके संबंध में पूर्ण टिप्पणी सहित इस कार्यालय को तत्काल सूचना भिजवाई जावे।
4. अन्य पिछडा वर्ग का सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त नवीनतम मान्य प्रमाणपत्र पिता की आय के आधार पर जारी किया हुआ होना चाहिए। महिला आवेदकों के मामले में यदि पति के नाम एवं पति की आय के आधार पर जारी किया हुआ हो तो यह प्रमाण पत्र मान्य नहीं है, परन्तु अभ्यर्थी अपने पिता की आय के आधार पर प्रमाण पत्र जो कि विवाह के पश्चात का बना हुआ प्रस्तुत करें तो ही मान्य होगा। इसके अतिरिक्त प्रमाण पत्र जारी करने वाले सक्षम अधिकारी द्वारा यह प्रमाणित किया गया हो कि "अपवर्जन" का नियम इन पर लागू नहीं होता है अर्थात् अनुसूची में वर्णित व्यक्ति क्रीमिलेयर का नहीं है तथा उक्त तथ्य सक्षम अधिकारी द्वारा [illegible] हुआ नहीं होना चाहिए। ऐसा नहीं पाये जाने पर कार्यग्रहण नहीं कराया जावे तथा उसके संबंध में पूर्ण टिप्पणी सहित इस कार्यालय को तत्काल सूचना भिजवाई जावे। उपरोक्तानुसार अन्य पिछडा वर्ग के प्रमाण पत्र की सुनिश्चितता आप अपने स्तर पर करने के उपरान्त ही अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थी को कार्यग्रहण करावें।

RajKaj Ref 5207656

Signature valid
Digitally signed by Ram Khilari Bairwa
Designation : Joint Director
Date: 2023.12.19 17:49:42 IST
Reason: Approved

5. कार्यग्रहण कराने से पूर्व अभ्यर्थी से उनकी पात्रता, आयु एवं आरक्षण सम्बन्धी समस्त दस्तावेजों की जांच आवश्यक रूप से कर लेवें।
6. कार्यग्रहण करवाने से पूर्व अभ्यर्थी से 50/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर यह शपथ पत्र लेवें कि उसके द्वारा प्रस्तुत सूचनाएं एवं दस्तावेज सही हैं, इनके त्रुटिपूर्ण, जाली अथवा कूटरचित पाये जाने पर उनकी नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी एवं उनके विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करने हेतु विभाग स्वतंत्र होगा।
7. कार्यग्रहण करवाने से पूर्व राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक 7(1)डीओपी/ए–II/95 दिनांक 08.04.2003 के अनुसार सम्बन्धित अभ्यर्थी से दिनांक 01.06.2002 को अथवा उसके पश्चात् उत्पन्न सन्तानों के फलस्वरूप कुल सन्तानों की संख्या दो से अधिक नहीं होने सम्बन्धी आशय का आवश्यक शपथ पत्र 50/– रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर आवश्यक रूप से प्राप्त किया जावे।
8. विवाहित अभ्यर्थियों के मामले में विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र अथवा यदि विवाह, विवाह पंजीयन अनिवार्य करने संबंधी प्रावधान लागू होने से पूर्व हुआ है तो तत्संबंधी आशय का शपथ पत्र 50/–रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर आवश्यक रूप से प्राप्त कर लिया जावे।
9. आवेदक द्वारा दहेज नहीं लिये जाने का स्व घोषणा पत्र प्राप्त किया जावे।
10. कार्यग्रहण कराने से पूर्व संबंधित अभ्यर्थी से कार्मिक विभाग की अधिसूचना क्रमांक प.7(3)कार्मिक/क–2/06 पार्ट दिनांक 04.10.2013 के अनुसार धूम्रपान एवं गुटखा सेवन नहीं करने संबंधी वचनबद्धता **(Undertaking)** निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावे।
11. कार्यग्रहण कराने से पूर्व संबंधित अभ्यर्थी से कार्मिक विभाग के परिपत्र क्रमांक : प.7(13)कार्मिक/क–2/23 दिनांक 11.05.2023 के अनुसार भारत के संविधान के प्रति निष्ठा एवं राष्ट्र की प्रभुता, अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा पद के कर्त्तव्यों को राजनिष्ठा, ईमानदारी एवं निष्पक्षता से किये जाने संबंधी शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप में प्राप्त किया जाकर सेवाभिलेख में संकलित किया जाए।
12. निर्धारित तिथि तक कार्यग्रहण नहीं करने पर संस्था प्रधान अभ्यर्थी का मूल आवेदन पत्र इस कार्यालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

इन्हें उक्त नियुक्ति पर दिये गये पदस्थापित स्थान पर दिनांक **09-01-2024** तक कार्यग्रहण करना अनिवार्य होगा, उक्त दिनांक तक कार्यग्रहण नहीं करने पर यह आदेश स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। संबंधित संस्था प्रधान द्वारा इनके कार्यग्रहण की सूचना तत्काल इस कार्यालय को भिजवाने की व्यवस्था की जावे।

संलग्न :– आदेश पृष्ठ संख्या 01

(रामखिलाडी बैरवा)
संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा
भरतपुर संभाग, भरतपुर

क्रमांक : संनि/स्कूशि/भरत/संस्था–1/फा–नियु/व0अ0गणित/भ.व.2022/2023/ 1305 दिनांक: 19.12.2023

<u>प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–</u>

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. प्रमुख शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान, जयपुर
4. शासन उपसचिव, शिक्षा (ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान, जयपुर
5. शासन उपसचिव, कार्मिक (क–2) विभाग, राजस्थान, जयपुर
6. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
7. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर
8. जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, भरतपुर/धौलपुर/करौली/सवाईमाधोपुर/डीग/गंगापुरसिटी को संबंधित के मूल आवेदन पत्र सहित प्रेषित कर लेख है कि मूल आवेदन पत्र तत्काल संबंधित विद्यालयो को भिजवाना सुनिश्चित करें।
9. संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी.......................................
10. सम्बन्धित संस्था प्रधान को प्रेषित कर लेख है कि मूल आवेदन पत्र जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक भरतपुर/धौलपुर/करौली/सवाईमाधोपुर/डीग/गंगापुरसिटी से तत्काल प्राप्त कर लेवें।
11. सम्बन्धित आशार्थी
12. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा/विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ
13. रक्षित पत्रावली

RajKaj Ref
5207699

Signature valid
Digitally signed by Ram Khilaree Bairwa
Designation: Joint Director
Date: 2023.12.19 17:49:42 IST
Reason: Approved

संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा
भरतपुर संभाग

## OFFICE OF JOINT DIRECTOR (SCHOOL EDUCATION) BHARATPUR RANGE BHARATPUR

### SENIOR TEACHER SECONDERY EDUCATION EXAM-2022 (MATHEMATICS) POSTING ORDER

ORDER NO- 01 DATE 19-12-2023

| S.NO | ROLL NO. | MERIT NO. | NAME OF CANDIDATE/FATHER NAME/HOME ADDRESS | DOB | SELE. CAT. | H. CAT. | OWN CAT. | POSTING PLACE | DISTRICT | CANDIDATE PHOTO |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2035322 | 564 | SUSHMITA/SHEESH RAM/MUKANDSINGHPURA RODWAL NEEMRANA MUKANDSINGHPURA ALWAR RAJASTHAN PIN CODE301705 | 25-Sep-01 | GENF | | BC,WE | GOVT. GIRLS SENIOR SECONDARY SCHOOL ALIPUR (424674)BHUSAWAR | BHARATPUR |  |
| 2 | 2035078 | 153 | PINKI/BEERSINGH/NAGHORI - - NEEMRANA ALWAR RAJASTHAN PIN CODE301705 | 10-May-94 | GENF | | GE,WE | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL MAHARAWAR (217129)KUMHER | BHARATPUR |  |
| 3 | 2032698 | 559 | SONAL KUMARI/SATYVEER SINGH/VILL - DAIKA POST - KATOPUR TH - KOTKASIM DAIKA ALWAR RAJASTHAN PIN CODE301702 | 22-Jan-95 | GENF | | BC,WE | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KARMOOKA (475543)KAMAN | BHARATPUR |  |
| 4 | 2079994 | 288 | MUBEEN KHAN/SOHAN LAL/JATERI VPO JATERI - BALDEOWAS BHARATPUR RAJASTHAN PIN CODE321203 | 25-Jul-97 | GENM | | BC | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL KANCHANNER PAHADI (227435)PAHADI | BHARATPUR |  |
| 5 | 2233239 | 323 | RAHUL KUMAWAT/DINESH KUMAR KUMAWAT/WARD NUMBER 34 CHOMU - CHOMU JAIPUR RAJASTHAN PIN CODE303802 | 16-Jul-97 | GENM | | BC | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL GOGERA (217293)BHUSAWAR | BHARATPUR |  |
| 6 | 2283688 | 376 | ANKIT KUMAR/SARDAR SINGH/VILLAGE-JAISINGHPURA POST- BARWASI TECH-NAWALGARH JHUNJHUNU JHUNJHUNU RAJASTHAN PIN CODE333042 | 07-Mar-97 | GENM | | BC | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL PIPALDA (212799)BONLI | S.MADHOPUR |  |
| 7 | 2032276 | 400 | SANTOSH SINGH/RAM SINGH/VILLAGE MAJRODA POST BABELI TEH RENI DIS ALWAR - Makroda ALWAR RAJASTHAN PIN CODE301408 | 09-Feb-94 | GENM | | GE,EWS | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL NIDHAIRA KHURD (211746)SAIPAU | DHAULPUR |  |
| 8 | 2090057 | 423 | HARIOM/GOVIND SINGH/SED KA MAD, RUDAWAL, BHARATPUR SED KA MAD,RUDAWAL,BHARATPUR SEDKA MAD,RRUDAWAL,BHARATPUR BHARATPUR BHARATPUR RAJASTHAN PIN CODE321402 | 15-Jul-95 | GENM | | BC | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL SINGHARAWALI (412633)BAYANA | BHARATPUR |  |
| 9 | 2034204 | 452 | PANKAJ DAGUR/PATRAM/VPO ENTERA TEHSIL LAXMANGARH - LAXMANGARH ALWAR RAJASTHAN PIN CODE301021 | 18-Mar-00 | OBCM | | BC | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL BARAI (217476)BASERI | DHAULPUR |  |
| 10 | 2034295 | 544 | BHUPENDRA GURJAR/RAMESH CHAND GURJAR/VPO-CHANDPURI, TEH-THANAGAZI, D-ALWAR, RAJASTHAN - CHANDPURI ALWAR RAJASTHAN PIN CODE301024 | 15-Jul-97 | MBCM | | MB | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL BANORA (217520)BASERI | DHAULPUR |  |

**( RAM KHILAREE BAIRWA)**
**JOINT DIRECTOR (SCHOOL EDUCATION)**
**BHARATPUR RANGE BHARATPUR**

RajKaj Ref
5207699

Signature valid

Digitally signed by Ram Khilaree Bairwa
Designation : Joint Director
Date: 2023.12.19 17:49:42 IST
Reason: Approved